CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 239 ▫ रायपुर, मंगलवार 22 सितंबर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### महुआ मोइत्रा पर अंडे फेंकने का मामलाः सांसद ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली, 22 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा ने अपने संसदीय क्षेत्र कृष्णानगर के दौरे के दौरान गाड़ी पर अंडे फेंके जाने की घटना को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



अपनी याचिका में उन्होंने आरोप लगाया है कि इस घटना के दौरान पुलिस पूरी तरह निष्क्रिय रही और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम नहीं उठाए। महुआ मोइत्रा के वकील अर्का नाग ने अदालत में याचिका दायर करते हुए कहा कि यह घटना पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के तेहट्टा में घटी। वहां एक विरोधी दल के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए और सांसद के वाहन पर अंडे फेंके। मोइत्रा ने सोमवार को अदालत में राहत की मांग करते हुए कहा कि हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में सुरक्षा मुहैया कराने के स्पष्ट आदेश के बावजूद 16 सितंबर को उन पर अंडे फेंके गए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाई निर्धारित क्रम सूची (सीरियल लिस्ट) के अनुसार की जाएगी।

### बीजेपी पार्षद की कार पर हमला, दो बाइक सवारों से हुआ था विवाद

**रायपुर, 22 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीजेपी पार्षद की कार पर हमला का मामला सामने आया है, जहां दो बाइक सवारों ने पत्थर मारकर पार्षद की कार का कांच तोड़ दिया और घटना के बाद दोनों फरार हो गए, जिसके बाद पार्षद ने समर्थकों के साथ थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात बीजेपी पार्षद और जोन 8 के अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर परिवार समेत गणेश दर्शन के लिए निकले थे। 2 अज्ञात बाइक सवारों ने उनका पीछाकर बाठिया नर्सिंग होम बैरनबाजार के पास कार को रुकवाया और पत्थर मारकर फरार हो गए। वही जानकारी सामने आई है कि पार्षद प्रीतम ठाकूर का आमापारा इलाके में दोनों बाइक सवारों से ढंग से बाइक चलाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद बीजेपी पार्षद और जोन 8 के अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर समर्थकों के साथ कोतवाली थाना पहुंचे और फरार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।




**चूहा- सुनती हो, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि कांग्रेस के संपर्क में भाजपा के पूर्व विधायक हैं।**

**चुहिया- हां जी, तो इसमें छुपाने की क्या बात है शामिल कर लेते..!**

## स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज के स्थान पर भाजपा का ध्वजारोहण करने के फेक वीडियो का मामला

# क्रिमिनल केस दर्ज कराने कोर्ट पहुंचे विधायक अजय चन्द्राकर

**धमतरी 22 सितम्बर ( हाईवे चैनल )।** एक पुराने मामले में क्रिमिनल केस दर्ज कराने आज पूर्व मंत्री व वर्तमान कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर जिला न्यायालय पहुंचे जहां उन्होने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व में 15 अगस्त 2026 को राज्य सरकार उन्हें धमतरी जिले के स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि बनाया गया था, जहां उन्होने ध्वरोहण किया। जबकि भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के तहत भाजपा का ध्वज फहराया था।

उक्त वीडिओ का एआई से इस्तेमाल कर फेक वीडिओ बनाया गया था जिसमें यह बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के स्थान पर भाजपा का ध्वज का रोहण किया गया। और इस षडयंत्रकारी वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल किया गया। इस वीडियो को कांग्रेस नेत्री व राष्टीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय पेज व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर नेहा राठौड़ द्वारा भी अपनी पेज में पोस्ट किया गया। ताकि उनकी व भाजपा की की छवि खराब की जा सके। जिसके खिलाफ आज आपराधिक मामला भाजपा नेताओं के साथ दर्ज कराने कोर्ट मे आदेवन जमा किया गया । यह उन सभी लोगो के लिए सबक होगा जो फेक वीडियो व इमेज के माध्यम से किसी की छवि खराब करे का प्रयास करते है। कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नही है वह भाजपा से आमने सामने की लड़ नहीं सकती है इसलिए ऐसे हथकंडे अपनाकर भाजपा को बदनाम करने का प्रयास करती है। और उक्त वीडियों का राजनीतिक तौर कांग्रेस द्वारा दुरुपयोग किया गया है।

श्री चंद्राकर दो अधिवक्ताओ रायपुर के विशाल शुक्ला और धमतरी के अमरचंद जैन के साथ कोर्ट पहुंचे थे.इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरु निषाद, सहकारी बैंक अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, शशि पवार, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, भानू चन्द्राकर, चेतन हिन्दूजा, दयाराम साहू, मालक राम साहू, कौशिल्या देवांगन, कवीन्द्र जैन, एमआईसी मेम्बर नरेन्द्र रोहरा, विजय मोटवानी, अशोक सिन्हा, ज्योति जैन, प्रियंका सिन्हा, खूबलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।



**कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय पेज व सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर नेहा राठौड़ द्वारा अपनी पेज में किया गया था पोस्ट**

## जरहीडीह में पति ने बेल्ट से पीट-पीटकर पत्नी की हत्या की

**गरियाबंद, 22 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चरित्र पर संदेह को लेकर पति ने अपनी पत्नी की बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। यह पूरा मामला शोभा थाना क्षेत्र के जरहीडीह गांव का है। बताया जा रहा है कि जरहीडीह निवासी राम कुमार का बीती रात अपनी पत्नी मोनिका (32 वर्ष) से चरित्र शंका को लेकर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी पति ने बेल्ट से मोनिका के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने मोनिका को तब तक पीटा, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद शोभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पति राम कुमार को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और हत्या के पीछे की परिस्थितियों को भी खंगाला जा रहा है।

# एशियन गेम्स में भारत को पहला स्वर्ण पदक

## भारतीय बेटियों ने क्रिकेट में जीता लगातार दूसरा गोल्ड, श्रीलंका को 147 रन से हराया




**नई दिल्ली, 22 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराकर एशियन गेम्स 2026 में पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारतीय टीम ने इसके साथ ही एशियाड में अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। भारत ने इससे पहले हांग्झू एशियन गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ढेर हो गई। इस तरह भारतीय महिला टीम ने 147 रनों के अंतर से जीत दर्ज की। एशियन गेम्स में श्रीलंका ने रजत और पाकिस्तान ने महिला क्रिकेट में कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारत ने एशियन गेम्स के तीसरे दिन आखिरकार स्वर्ण पदक का इंतजार खत्म किया। भारत ने पहले दो दिन चार रजत और दो कांस्य जीते थे, लेकिन स्वर्ण का इंतजार बढ़ता ही जा रहा था। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम ने अब ये इंतजार खत्म कर दिया। भारतीय टीम शुरुआत से ही खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी और टीम ने अपना दबदबा जारी रखा। भारत के लिए इस मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया, जबकि ऋचा घोष और शेफाली वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी की। भारत को मंधाना और शेफाली ने दमदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी की। मंधाना ने 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। शेफाली हालांकि, पचासा नहीं जड़ सकीं और 48 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद भारत को कप्तान हरमनप्रीत कौर के रूप में दूसरा झटका लगा जो 19 रन बनाकर आउट हुईं।

### भारत ने बनाया एशियाड का सर्वोच्च स्कोर

*भारतीय महिला टीम ने एशियन गेम्स में बड़ा कीर्तिमान भी बनाया। भारत ने श्रीलंका के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में तीन विकेट पर 216 रन बनाए। ये एशियाड में महिला क्रिकेट का सर्वोच्च टोटल है। एशियाड में दूसरी बार हुआ है जब महिला क्रिकेट में 200 रनों का आंकड़ा पार हुआ है। इससे पहले ये रिकॉर्ड हॉन्गकॉन्ग के नाम था जिन्होंने 2023 में मंगोलिया के खिलाफ चार विकेट पर 202 रन बनाए थे।*

## दो राज्यों की 11 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का ऐलान, 16 अक्टूबर को होगा मतदान

**नई दिल्ली, 22 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में खाली हो रही राज्यसभा की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट शामिल है। इन सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार, 29 सितंबर से चुनावी कार्यवाही शुरू होगी। इसके बाद प्रत्याशी 6 अक्टूबर तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे, जबकि 9 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।




### चार राज्यों में विधान परिषद चुनावः आयोग ने तारीखों का किया ऐलान

**नई दिल्ली, 22 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनावों की तारीखों का एलान कर दिया है। ये सीटें शिक्षकों और स्नातक लोगों के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों के लिए मतदान 23 अक्तूबर को होगी। वहीं, वोटों की गिनती 27 अक्तूबर को की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित चुनाव क्षेत्रों में आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है।


चुनाव आयोग के एक बयान के अनुसार, बिहार में विधान परिषद की आठ सीटें 16 नवंबर को खाली हो जाएंगी। कर्नाटक में चार सीटें 11 नवंबर को, महाराष्ट्र में पांच सीटें 6 दिसंबर को और उत्तर प्रदेश में 11 सीटें 6 दिसंबर को खाली हो जाएंगी। जिन राज्यों में विधान परिषद के चुनाव होने हैं। वहां चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 29 सितंबर, 2026 को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार 6 अक्तूबर तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इन चुनावों के लिए वोटिंग 23 अक्तूबर को सुबह 8ः00 बजे से शाम 4ः00 बजे तक होगी। वोटों की गिनती 27 अक्टूबर को होगी। संबंधित चुनाव क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है।

## लापरवाहीः कक्षा 6वीं के हिंदी पेपर में एक ही सवाल को तीन बार दोहराया, अभिभावकों की नाराजगी

**रायपुर, 22 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** रायपुर जिले के स्कूलों में कक्षा 6वीं की तिमाही परीक्षा के पहले दिन ही हिंदी के प्रश्नपत्र में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। प्रश्नपत्र में एक ही सवाल को तीन अलग-अलग प्रश्न क्रमांकों में दोहरा दिया गया। प्रश्न क्रमांक 9, 16 और 19 में मेजर ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था? सवाल एक जैसा छपा है। यह गड़बड़ी रायपुर के स्कूलों में वितरित किए गए कक्षा 6वीं के हिंदी प्रश्नपत्र में पाई गई है। परीक्षा के दौरान सामने आई इस गड़बड़ी को लेकर अभिभावकों और शिक्षाविदों में नाराजगी है।

परीक्षा के पहले दिन ही सामने आई इस गड़बड़ी ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं विभाग की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस लापरवाही और गड़बड़ी से अधिकारियों की योग्यता और जागरूकता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के भविष्य के साथ इस तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। एक अभिभावक ने कहा कि प्रश्नपत्र में एक ही सवाल तीन बार आना यह साफ बताता है कि जिम्मेदार अधिकारी पढ़ाई और परीक्षा की गंभीरता को लेकर कितने सक्षम और जागरूक हैं। शिक्षाविदों और स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की गलतियां न सिर्फ विद्यार्थियों के मनोबल को प्रभावित करती हैं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर भी सवालिया निशान लगाती हैं। शिक्षा विभाग से मामले में जल्द स्पष्टीकरण देने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।




### जानिए, प्रश्न पत्र में कहां-कहां पूछा गया सवाल

**प्रश्न क्रमांक 9 में पूछा गया सवाल**

*प्रश्नपत्र के लघुउत्तरीय प्रश्न खंड में प्रश्न क्रमांक 9 के रूप में पूछा गया है मेजर ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य है?*

**प्रश्न क्रमांक 16 में फिर दोहराया सवाल**

*इसके बाद दीर्घ उत्तरीय प्रश्न खंड में प्रश्न क्रमांक 16 में भी लगभग यही सवाल दोहराया गया है मेजर ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य है? यानी विद्यार्थियों से एक ही विषय पर दो अलग-अलग प्रश्न क्रमांकों में उत्तर मांगा गया है।*

**प्रश्न क्रमांक 19 में फिर आया वही सवाल**

*इतना ही नहीं, 'मिलकर करें मिलान' वाले प्रश्न क्रमांक 19 के अथवा विकल्प में भी मेजर ध्यानचंद की सफलता का क्या रहस्य था? सवाल दोबारा छपा हुआ है।*

## संसद के इतिहास में नया रिकॉर्ड 40 दिन बाद भी मानसून सत्र जारी

**नई दिल्ली, 22 सितंबर ( न्यूज चैनल )।** संसद का मानसून सत्र में दोनों सदनों के स्थगित होने के 40 दिन बाद भी औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है, जिससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि सरकार नया सत्र बुलाए बिना ही एक अहम कानून लाना चाहती है। वहीं, लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी ने पीटीआई को बताया कि दोनों सदनों का 40 दिनों तक स्थगित रहना एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने याद दिलाया कि 2015 में संसद के दोनों सदनों को 28 दिनों के बाद स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि उस समय सरकार जीएसटी कानून पर आम सहमति बनाने की कोशिश कर रही थी। वहीं, इस बात के मजबूत संकेत हैं कि सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए उसमें संशोधन का प्रस्ताव फिर से लाने की योजना बना रही है।



इससे पहले बजट सत्र के दौरान कोशिश की गई थी, लेकिन पर्याप्त संख्या बल न होने के कारण सफल नहीं हो पाई थी। खास रूप से दक्षिणी विपक्षी दलों की चिंताओं को दूर करने के लिए, जो जनसंख्या आधारित परिसीमन के तहत लोकसभा प्रतिनिधित्व में गिरावट की आशंका जता रहे हैं। सरकार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सीटों में 50 प्रतिशत की एक समान वृद्धि का प्रस्ताव करती है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों की कार्यवाही 13 अगस्त को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई थी। आम तौर पर, अगले तीन से चार दिनों के भीतर सत्र का सत्रावसान (औपचारिक समापन) कर दिया जाता है। लेकिन इस बार, मंगलवार सुबह तक सत्रावसान की अधिसूचना जारी नहीं की गई है। बजट सत्र 18 अप्रैल को समाप्त हुआ था। वहीं, 20 अप्रैल को उसका सत्रावसान किया गया था। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रपति सरकार की सिफारिश पर सत्र बुलाते हैं। उसका सत्रावसान करते हैं।इसके साथ ही शीतकालीन सत्र आम तौर पर नवंबर के आखिरी सप्ताह में शुरू होता है। क्रिसमस से पहले समाप्त हो जाता है।

## महादेव सट्टा का पैसा शेयर में लगा, पिट्टी के 59.6 करोड़ के शेयर अटैच

**रायपुर, 22 सितंबर ( हाईवे चैनल )।** महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ईजमाय ट्रिप के सह-संस्थापक निशांत पिट्टी के खिलाफ 10 सितंबर को आरोप-पत्र दाखिल किया है. ईडी की पांचवीं पूरक अभियोजन शिकायत में पिट्टी के करीब 59.6 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों को भी अस्थायी रूप से अटैच किया गया है. एजेंसी ने इन शेयरों को अपराध से अर्जित आय बताते हुए अदालत से इन्हें जब्त करने की अनुमति मांगी है।

ईडी का आरोप है कि निशांत पिट्टी ने दुबई में रहने वाले स्काई एक्सचेंज के संचालक हरिशंकर टिबरेवाल के साथ मिलकर सट्टेबाजी से हासिल रकम को विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के जरिए भारतीय शेयर बाजार में लगाने और अलग-अलग स्तरों पर उसे घुमाने में मदद की. एजेंसी के मुताबिक, पिट्टी और टिबरेवाल के बीच कारोबारी संबंध थे. ईडी ने आरोप लगाया है कि ईजमाय ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड के प्रवर्तकों की ओर से शेयरों की कीमत पहले से तय कर सौदे किए गए. एजेंसी के अनुसार, इन लेन-देन के जरिए कंपनी के शेयर भाव और बाजार पूंजीकरण को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास किया गया. दोनों पक्षों के कारोबारी संबंधों के समर्थन में ईडी ने 2022 में भारत में आयोजित एक क्रिकेट सीरीज की स्पॉन्सरशिप का भी उल्लेख किया है. इस सीरीज में ईजमाय ट्रिप और स्काई एक्सचेंज सह-प्रायोजक थे. हालांकि, कंपनी पहले महादेव सट्टा एप या किसी अन्य सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध होने से इनकार कर चुकी है. ईडी की इस पूरक आरोप-पत्र में ईबीआईएक्स समूह के अध्यक्ष विकास गर्ग समेत कुल 42 लोगों और कंपनियों को आरोपी बनाया गया है. एजेंसी का आरोप है कि विकास गर्ग और उनसे जुड़ी कंपनियों को हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधित कंपनियों से 765.77 करोड़ रुपये प्राप्त हुए. ईडी के मुताबिक, इस रकम का इस्तेमाल अमेरिकी कंपनी ईबीआईएक्स इंक के अधिग्रहण में किया गया. ईडी के अनुसार, महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और करीब 1885 करोड़ रुपये की संपत्ति अटैच की गई है. छह आरोप-पत्रों में कुल 116 लोगों को आरोपी बनाया गया है. मामले में ईडी और सीबीआई की जांच अभी जारी है. महादेव बुक के प्रमोटर और मूल रूप से भिलाई निवासी सौरभचंद्राकर को भारत लाने के प्रयास भी जारी हैं. बताया गया है कि पिछले तीन महीनों से उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अब तक रास्ता साफ नहीं हो पाया है. सौरभ को ओमान पुलिस ने गिरफ्तार किया है और वह मस्कट के अल खौद डिटेंशन सेंटर में रखा गया है. उसे भारत लाने के लिए ईडी ने आवेदन किया है और विदेश मंत्रालय के माध्यम से भी प्रयास किए जा रहे हैं।




पिछले डेढ़ साल में यह तीसरी बार है, जब सौरभ विदेश में पकड़ा गया है. इससे पहले रवि उप्पल और शुभम सोनी को भी भारत लाने के प्रयास किए गए थे. हालांकि, विदेश में पकड़े गए महादेव सट्टा मामले के किसी प्रमुख आरोपी को अब तक भारतीय एजेंसियां भारत नहीं ला सकी हैं. जांच एजेंसियों की लगातार कार्रवाई के बावजूद ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क सक्रिय होने की बात सामने आती रही है. एजेंसियों के आकलन के मुताबिक, सौरभचंद्राकर और उसके सहयोगियों से जुड़े अवैध सट्टा कारोबार का आकार 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक बताया गया है।